# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 10 मई, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना अरनिया**

**गैगरेप की घटना में वांछित बदमाशों के साथ थाना अरनिया/थाना खुर्जा नगर पुलिस व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त गाडी बरामद।**

अवगत कराना है कि दिनांक 10.05.2025 को थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम नेशनल हाईवे पर कैलाश अस्पताल के पास चैकिग कर रही थी, तभी 01 गाडी आती दिखायी दी पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो गाडी चालक द्वारा गाडी नही रोकी गयी तथा पुलिस टीम पर गाडी चढाने का प्रयास करते हुए गाडी लेकर फरार हो गये, जिसकी सूचना थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा आरटी सेट के माध्यम से दी गयी एवं खुर्जा नगर पुलिस बदमाशों का पीछा करते हुए सलीम कट के पास पहुची जहां पर पूर्व से थाना अरनिया पुलिस टीम व स्वाट टीम देहात द्वारा चैकिंग की जी रही थी कि तभी उक्त गाडी दिखायी दी, पुलिस टीम को देखकर गाडी चालक द्वारा गाडी हाईवे से नीचे उतारते हुए बाग की तरफ मोड दी गयी, जहां पर उनकी गाडी कीचड में फस गयी। पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं। जिनको अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। । घायल बदमाशों की पहचान 1. संदीप सिंह पुत्र योगेश सिंह निवासी भराई मंदिर वाली गली सूरजपुर थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर (घायल) 2. गौरव पुत्र जगवीर निवासी न्यू विकास नगर लोनी थाना लोनी देहात जनपद ग़ाज़ियाबाद(घायल) एवं 01 अन्य बदमाश की पहचान 3.अमित पुत्र लोकेश निवासी गुरुद्वारा रोड सूरजपुर थाना सूरजपुर गौतमबुधनगर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त गाडी बरामद हुई है।

**उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा दिनांक 06-05-2025 की शाम थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर से दो युवतियों को गाडी में बैठा लिया था। 01 युवती को जनपद मेरठ के थाना जानी क्षेत्र में गाडी से धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया था तथा दूसरी युवती के साथ चलती गाडी में दुष्कर्म करने की घटना कारित की गयी थी। इस सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं-380/25 धारा 115(2),70(2),351(2) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था।**

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम पता-**

1. संदीप सिंह पुत्र योगेश सिंह निवासी भराई मंदिर वाली गली सूरजपुर थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर (घायल)
2. गौरव पुत्र जगवीर निवासी न्यू विकास नगर लोनी थाना लोनी देहात जनपद गाजियाबाद (घायल)
3. अमित पुत्र लोकेश निवासी गुरुद्वारा रोड सूरजपुर थाना सूरजपुर गौतमबुधनगर।

**बरामदगी-**

1- 02 तमंचे 315 बोर मय 02 जिंदा,02 खोखा कारतूस।
2- 01 गाडी किया सैलटोस नम्बर- यूपी 16 ईई 4006 (घटना में प्रयुक्त)

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम-**

1- श्री राजपाल सिंह तोमर प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर,
2. उ0नि0 अजीत सिंह,
3. है0का0 ईनाम सैफी, का0 श्यामू सिंह, का0 प्रवेश बैसला

**थाना अरनिया पुलिस टीम-**

1. श्री राजकुमार सिंह थाना प्रभारी अरनिया
2. उ0नि0 केदार राय, उ0नि0 सुनील कुमार,
3. का0 ललित, का0 मोहित

**स्वाट टीम देहात-**

1. श्री पम्मी चौधरी प्रभारी स्वाट टीम देहात।
2. है0का0 नेत्रपाल, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 रूपेंद्र कुमार , का0 मनीष, का0 आकाश, का0 अजय, का0 विपिन।















**मीडिया सेल बुलंदशहर**